# नगर पालिका परिषद आजमगढ़

## ई-पत्रिका




माह: सितम्बर 2024

# नगर पालिका परिषद आजमगढ़



**श्री सरफ़राज़ आलम**
(अध्यक्ष)



**श्री रोहित यादव (PCS)**
(अधिशासी अधिकारी)

नगर पालिका परिषद्,आजमगढ़ सितम्बर 2024 के ई-पत्रिका आजमगढ़ दर्पण में स्वागत है।सितम्बर माह में हुये विकास कार्यों को ई-पत्रिका आजमगढ़ दर्पण के माध्यम से आप सब तक पहुँचाना चाहते हैं आजमगढ़ नगर पालिका प्रत्येक माह ई-पत्रिका आजमगढ़ दर्पण के द्वारा नगर पलिका में हुये विकास कार्यों को आप सब के सामने लाने का प्रयास करता हैं। जिससे आजमगढ़ नगर पालिका परिषद् के विकास और नई योजनाओं से लाभन्वित हो सके। नगर पालिका परिषद् आजमगढ़ का एक मात्र उददेष्य नगर पालिका का विकास है जिसमें बिना भेद-भाव, सभी समुदायों के लोगों को एकसाथ लेकर आगे बढ़ने का उददेष्य है जिसके लिए नगर पालिका परिषद् के निवासियों को इसमें सहयोग महत्वपूर्ण है। और नगर पालिका इसका उम्मीद करता है। नगरवासियों से अपील है कि नगर स्वच्छ और सुन्दर बनाने में नगर पालिका की मदद करे। अपने आस-पास साफ-सुथरा रखे। कूड़ा-कचरा डस्टबिन में डाले, गन्दगी न फैलाये। आने वाला कल अच्छा हो इसके लिए आज बेहतर बनायें।।

स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

I am happy to present the September 2024 issue to all of you. Several projects have been commissioned in the month of September. The former will help smoothen the flow of traffic, reduce the travel time of citizens, ease the congestion, and reduce pollution on nagar road. There have been a lot of lessons to learn and these insights will certainly stand in good stead with us in our endeavors in the future. The one thing that stands out is the most active participation of citizens. We, the residents of the Nagar Palika Parishad Azamgarh respective of age, castes, creeds, religions, and localities have untidily participated in the creation of the Azamgarh Swachh Nagar Palika Parishad proposal. As I look into the future with great expectation, it is this one aspect of the municipality that gives me the greatest hope. We in the Nagar Palika Parishad Azamgarh would be very happy to receive your feedback on all matters that you feel are important.

# समाचार

**ऋण जमानुपात को बढ़ाने व छोटे उद्यमियो,किसानों,स्वयं सहायता समूह,खुदरा ऋण व अन्य जरूरतमंदों को वित्तीय सहायता वअन्य बैंकिंग सुविधाओ से जोड़ने के उद्देश्य से मेगाआउटरीचकैंप का आयोजन हुआ। मेगा आउटरीच कैंप में विभिन्न बैंकों द्वारा लाभार्थियों को 250 करोड़ रू0का ऋण स्वीकृत किया गया |**





# सर्वाधिक मानव दिवस सृजन कर आजमगढ़ प्रदेश में अव्वल

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक मानव दिवस सृजन में आजमगढ़ उत्तर प्रदेश में पहले नंबर पर है। लक्ष्य से अधिक मानव दिवस सृजन कर आजमगढ़ ने प्रदेश की टॉप 11 की सूची में शामिल अन्य जिलों को काफी पीछे छोड़ दिया है। चंदौली ने भी लक्ष्य से अधिक मानव दिवस सृजन कर प्रदेश में तीसरा स्थान बनाया है। पूर्वांचल में आजमगढ़ प्रथम व चंदौली दूसरे नंबर पर है। पूर्वांचल के अन्य आठ जिले मानव दिवस सृजन में लक्ष्य के सापेक्ष ऋणात्मक सूची में शामिल है। लक्ष्य से पीछे रहने वाले पूर्वांचल के जिलों में बलिया फिसड्डी है। जौनपुर दूसरे और सोनभद्र तीसरे नंबर पर है। यह रिपोर्ट केंद्र सरकार के तीन सितंबर तक के जारी आंकड़ों के अनुसार है। मानव दिवस सृजन करने वाले पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों की स्थिति पर आजमगढ़ से अनिल कुमार मिश्र की रिपोर्ट...

- जॉबकार्ड धारकों को लक्ष्य से अधिक काम देकर चंदौली ने हासिल किया तीसरा स्थान
- पूर्वांचल के आठ जिलों की प्रगति लक्ष्य से ऊपर के बजाए नीचे रही
- ऋणात्मक की सूची में मीरजापुर एक नंबर व बलिया रहा फिसड्डी

**लक्ष्य से अधिक मानव दिवस सृजन करने वाले प्रदेश के टाप 11 जनपद**

| जनपद | सृजित मानव दिवस (लाख में) |
|---|---|
| आजमगढ़ | 15.27 |
| बदायूं | [illegible] |
| चंदौली | 5.06 |
| गोरखपुर | 4.15 |
| रामपुर | [illegible] |
| मथुरा | [illegible] |
| औरैया | 2.74 |
| महराजगंज | 2.48 |
| ललितपुर | [illegible] |
| मैनपुरी | [illegible] |
| खीरी | [illegible] |

**मनरेगा में पूर्वांचल के दस जनपदों की स्थिति**

| जनपद | सृजित मानव दिवस (लाख में) |
|---|---|
| आजमगढ़ | 15.27 (लक्ष्य से अधिक) |
| चंदौली | 5.06 (लक्ष्य से अधिक) |
| मीरजापुर | 0.61 (लक्ष्य से कम) |
| वाराणसी | 3.26 (लक्ष्य से कम) |
| मऊ | 4.86 (लक्ष्य से कम) |
| गाजीपुर | 5.87 (लक्ष्य से कम) |
| भदोही | 7.11 (लक्ष्य से कम) |
| सोनभद्र | 8.14 (लक्ष्य से कम) |
| जौनपुर | 8.19 (लक्ष्य से कम) |
| बलिया | 14.35 (लक्ष्य से कम) |

मनरेगा

5.06 लाख मानव दिवस सृजित किया चंदौली ने चालू वित्तीय वर्ष में

केंद्र सरकार के तीन सितंबर तक के जारी आंकड़ों के अनुसार आजमगढ़ प्रदेश में नंबर एक पर है। यह उपलब्धि लगातार मानीटरिंग का नतीजा है। लक्ष्य से अधिक मानव दिवस सृजन में 75 में 11 जिले शामिल है। इस सूची में भी आजमगढ़ नंबर एक पर है। - राम उदरेज यादव, डीसी मनरेगा, आजमगढ़।

15.27 लाख मानव दिवस सृजित किया आजमगढ़ ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक

**स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ पर 14 सितम्बर से01 अक्टूबर 2024 तक"स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता"की थीम पर स्वच्छता ही सेवा-2024अभियान चलाये जाने की बैठक की गयी। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में सबसे गंदे ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर विशेष सफाई अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए।**



**मा0 मुख्यमंत्री, श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लखनऊ से अटल आवासीय विद्यालय गंभीरवन, आजमगढ़ के शैक्षणिक सत्र 2024-25 का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। वर्तमान सत्र 2024-25 में 360 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं तथा पठन-पाठन का कार्य आरंभ हो गया है।**



फोटो 1




फोटो 2



जनपद में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी और पटरी दुकानदारों को किया गया लाभान्वित

## छोटे कारोबारियों को लक्ष्य से अधिक ऋण

आजमगढ़, संवाददाता। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत जिले के नगरीय क्षेत्रों में निर्धारित लक्ष्य से अधिक छोटे कारोबारियों को ऋण वितरित किया गया है। जनपद में 11097 का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके सापेक्ष 11 सितंबर तक 11937 पात्रों को प्रथम किस्त के तौर पर 10-10 हजार रुपये का ऋण सबंधित बैंकों की ओर से वितरित किया जा चुका है।

ऋण वितरण में जनपद की बिलरियागंज नगरपालिका ने देशभर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। प्रथम स्थान मिलने पर बिलरियागंज नगरपालिका के ईओ को नगर विकास मंत्री ने लखनऊ बुलाकर प्रधानमंत्री की ओर से मिला पुरस्कार प्रदान किया। जिले में तीन नगरपालिका और तेरह नगर पंचायतें हैं। नगरीय क्षेत्रों में रेहड़ी-पटरी के दुकानदारों के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना संजीवनी बनी है। कोरोना महामारी के बाद जरूरतमंद रेहड़ी-पटरी वाले दुकानदारों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत बिना किसी गारंटी के प्रथम किस्त के रूप में दस हजार रुपये का ऋण दिया जाता है। छोटे दुकानदारों को लाभान्वित करने के लिए जिले में नगरीय निकाय निदेशालय की ओर से पीएम स्वनिधि योजना के प्रथम किस्त के ऋण के लिए 11097 का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके सापेक्ष 11937 पात्रों को बैंकों की ओर से ऋण वितरित किया जा चुका है। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 840 अधिक पात्रों को योजना का लाभ दिया गया है।

### बिलरियागंज नपा देश में में पहले नंबर पर

नवसृजित नगरपालिका बिलरियागंज को 2374 पात्रों को ऋण वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके सापेक्ष यहां 2396 पात्र लाभार्थियों को बैंकों की ओर से नगर पालिका ने ऋण प्रदान कराया। इस प्रकार से पीएम स्वनिधि योजना में बिलरियागंज नगर पालिका ने सौ प्रतिशत से अधिक का लक्ष्य हासिल कर देश व प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। प्रधानमंत्री की ओर से नगर पालिका बिलरियागंज को पुरस्कार प्रदान किया। नगरीय निकाय निदेशालय लखनऊ में बुधवार को नगर पालिका बिलरियागंज के ईओ प्रदीप कुमार शुक्ला को नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

### किस निकाय ने कितने को ऋण

| नगर निकाय | लक्ष्य | ऋण वितरण |
|---|---|---|
| अतरौलिया | 181 | 328 |
| मेहनगर | 287 | 385 |
| फूलपुर | 181 | 253 |
| माहुल | 195 | 245 |
| जीयनपुर | 230 | 308 |
| बिलरियागंज | 2374 | 2396 |
| सरायमीर | 372 | 407 |
| महराजगंज | 216 | 163 |
| निजामाबाद | 270 | 310 |
| अजमतगढ़ | 308 | 320 |
| मुबारकपुर | 1912 | 2123 |
| कटघर लालगंज | 398 | 413 |
| आजमगढ़ | 2883 | 2860 |
| बूढ़नपुर | 343 | 443 |
| जहानागंज | 439 | 531 |
| मार्टीनगंज | 508 | 452 |
| टोटल | 11097 | 11937 |

"प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत डूडा और बैंकों से सत्यापन के बाद पात्र पाए गए 11937 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के तौर पर 10-10 हजार रुपये का लोन दिया गया। नवसृजित नगरपालिका बिलरियागंज ने ऋण वितरण में देश व प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

-विवेक त्रिपाठी, प्रभारी पीओ, डूडा

**मा0 कृषि मंत्री, श्री सूर्य प्रताप शाही जी द्वारा दिनांक 18 से 22 सितम्बर 2024 तक राजकीय पालिटेक्निक कॉलेज आजमगढ़ में आयोजित होने वाले आजमगढ़ महोत्सव-2024 का आज भव्य शुभारम्भ किया गया।**



**आज तहसील सगड़ी के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जन समस्याओं को सुनकर निर्धारित समय में गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया गया।**



फोटो 1



फोटो 2

# गणेश चतुर्थी



दिल से जो भी मांगोगे मिलेगा
ये गणेश जी का दरबार है
देवों के देव वक्रतुंडा महाकाया को
अपने हर भक्त से प्यार है।
गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं

# विश्वकर्मा पूजा



धन, समृद्धि, वैभव, सुख–शान्ति देना,
भय, जन–जंजाल से मुक्ति देना,
संकट से लड़ने की शक्ति देना,
हे विश्वकर्मा, हे विश्वकर्मा.
विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक बधाई.

# ओणम



घर को फूलों की रंगोली से सजाएं
स्वादिष्ट पकवानों का लुत्फ उठाएं।
राजा महाबली का धूमधाम से करें स्वागत
ओणम का पूरे परिवार संग आनंद उठाएं।

# शिक्षक दिवस



आपकी मूरत इस दिल में बस जाती है,
हर बात आपकी हमें सिखा जाती है।
ये गुरु दक्षिणा है मेरी स्वीकार करें,
मुझे हर परीक्षा में आपकी याद आती है।

# CONTACT US

https://nppazamgarh.in

------------------------

nppazh@gmail.com